कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर

राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन / फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र. / जन.कार्य. / 2023–24 / 485 दिनांक : 19 / 03 / 2024

प्रति,
श्रीमान संपादक महोदय / ब्यूरोचीफ
ग्वालियर, म.प्र.

महोदय,

निवेदन है कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का एक महत्वपूर्ण समाचार प्रकाशनार्थ प्रेषित है। कृपया प्रकाशित कर सहयोग करने का कष्ट करें।

जनसंपर्क अधिकारी

कृषि विश्वविद्यालय में इन्क्यूबेटीज हेतु एक दिवसीय कार्यशाला

ग्वालियर। कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के सेंटर फॉर एग्रीबिजनेस इन्क्यूबेशन एंड इंटरप्रेन्योरशिप में डी.पी.आई.आई.टी. पंजीकृत इन्क्यूबेटीज के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता नोडल अधिकारी डॉ. वाय.डी. मिश्रा द्वारा की गई। डॉ. मिश्रा ने ऑफलाइन और ऑनलाइन के माध्यम से जुड़े सभी इन्क्यूबेटीज से उनके व्यवसाय में आने वाली समस्यायों के बारे में बात की और उनका समाधान बताया। उन्होंने सी.ए.आई.ई की तरफ से ब्रांडिंग, मार्केटिंग, बैकवर्ड लिंकेज, फॉरवर्ड लिंकेज, बिजनेस प्लान और डी.पी.आर. में मदद की बात कही। कार्यशाला में 12 इन्क्यूबेटीज ऑफलाइन और 19 इन्क्यूबेटीज ऑनलाइन उपस्थित हुए। अंत में श्री आदित्य सिंह ने इस कार्यशाला को सफल बनाने के लिए सभी का हृदय से धन्यवाद प्रेषित किया।